Sports Branch
Training Directorate
Central Reserve Police Force
R.K. Puram, New Delhi

क्रीड़ा शाखा
प्रशिक्षण निर्देशालय
केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल
आर0के0 पुरम, नई दिल्ली

Arjuna Awardees of Central Reserve Police Force

CRPF



केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल
के
अर्जुन पुरस्कार विजेता

Arjuna Award : The Arjuna Award were instituted in 1961 by the government of India to recognise outstanding achievement in National sports. The award carried a cash prize of ₹ 5,00,000, a bronze statute of Arjuna and scroll. Over the years the scope of the award has been expanded and a large number of sports person who belonged to the pre-Arjun Award era were also included in the list. Further, the number of disciplines for which the award is given was increased to include indigenous games and the physically handicapped category and cricket as per the revised guidelines. To be eligible for the Award, a sportsperson should not only have had good performance consistently for the previous three years at the international level with excellence for th year for which the Award is recommended, but should also have shown qualities of leadership, sportsmanship and a sense of discipline. From the year 2001, the award is given only in discipline falling under the following categories, Olympic Games, Asian Games, Commonwealth Games, World Cup and World Championship.

Other National Sports Awards

Rajiv Gandhi Khel Ratna : The Rajiv Gandhi Khel Ratna is India's highest honour given for achievement in sports. The words "Khel Ratna" literally mean "Sports Gem" in Hindi. The award is named after the late Rajiv Gandhi, former Prime Minister of India. It carries a medal, a scroll of honour and a cash component of ₹ 7,50,000/-

The award was instituted in the year 1991-92 to supply the lack of a supreme national accolade in the field of sports. Predating the RGKR are the Arjuna Awards that have always been given to outstanding sportsperson in each of many sporting disciplines every year. The Khel Ratna was devised to be an overarching honour, conferred for outstanding sporting performance, whether by an individual or a team, across all sporting disciplines in a given year.

Dronacharya Award : Dronacharya Award is an award presented by the government of India for excellence in sports coaching. The award comprises a bronze statuette of Dronacharya, a scroll of honour and a cash component of ₹ 5,00,000. The award was instituted in 1985. As the best sportsperson award is named Arjuna Award. It is appropriate that the coaching award is named after Dronacharya, as he was the Guru of Arjuna.

Dhyan Chand Award : Dhyan Chand Award is India's highest award for lifetime achievement in sports and games. The award is named after the legendary Indian hockey player Dhyan chand. The award was initiated in 2002. The award carries a cash prize of ₹ 5,00,000/-, a statuette, ceremonial dress and a scroll of honour.

The aim of the award is to honour those sportspersons who have contributed to sports by their performance and continue to contribute to promotion of sports even after their retirement from active sporting career.

Arjuna Awardees of CRPF
के०रि०पु०बल के अर्जुन पुरस्कार विजेता

Padmashri Dr. Gurbachan Singh Randhawa	पद्मश्री डा० गुरवचन सिंह रंधावा	2-5
Sh. Hari Chand	श्री हरि चन्द	6-7
Sh. Khajan Singh	श्री खजान सिंह	8-11
Sh. Raghubir Singh Bal	श्री रघुबीर सिंह बल	12-13
Padmashri Ms. N. Kunjarani Devi	पद्मश्री सुश्री एन. कुंजारानी देवी	14-15
Ms. N. Laxmi	श्रीमती एन. लक्ष्मी	16-17
Ms. Shilpi Singh	श्रीमती शिल्पी सिंह	18-19
Sh. Paramjeet Singh	श्री परमजीत सिंह	20-21
Ms. Sanamacha Chanu	श्रीमती सनामाचा चानु	22-23
Sh. Akram Shah	श्री अकरम शाह	24-25
Sh. Sunder Singh	श्री सुंदर सिंह	26-27
Ms. A. Anita Chanu	सुश्री ए. अनिता चानू	28-29
Ms. Geeta Rani	श्रीमती गीता रानी	30-31
Ms. Kh. Tombi Devi	सुश्री के एच. तोम्बी देवी	32-33
Ms. W. Sandhya Rani	सुश्री डब्ल्यू संध्या रानी	34-35
CRPF Activities (Photo)	सी०आर०पी०एफ की गतिविधियाँ (फोटो)	36

Padmashri
Dr. Gurbachan Singh Randhawa
Commandant (Retd.)

पदमश्री
डा० गुरबचन सिंह रंधावा
कमान्डेंट (सेवानिवृत्त)

Arjuna Award (Athletics) 1961

The first recipient of "Arjuna Award" in the country, Shri Gurbacahan Singh Randhawa is also the first Asian Athlete to be an Olympic Finalist in 110 Mts. Hurdles in the 1964 Tokyo Olympics, where he was the skipper of Indian Contingent. He is the only Indian Athlete(Men) who had the privilege of setting four(4) National Records i.e. High Jump, Javelin Throw, 110 Mts. Hurdles and Decathlon. He was adjudged the Best Asian Athlete by a panel of International Track & Field Statisticians in 1962 Asian Games held at Jakarta (Indonesia) where he bagged a Gold Medal in Decathlon. Shri Randhawa had also represented India in 1960 Rome Olympics and 1966 Commonwealth Games and is the only Indian Athlete who held two (02) Commonwealth Records. Shri Randhawa is one of the senior most qualified Athletics Coaches from N.I.S. Patiala and has produced many medal winners in the Asian Games.

Born on 6th June, 1939 at Nangli, Amritsar (Punjab), Shri Randhawa joined CRPF on 19th August, 1958. After serving various Police Organisations for over 35 years, he retired on 30th June, 1994 from CRPF. He is responsible to put the name of Central Reserve Police Forece on the

देश के प्रथम अर्जुन पुरस्कार प्राप्तकर्ता श्री गुरबचन सिंह रंधावा पहले एशियाई एथलीट हैं जो वर्ष 1964 में टोकियो में आयोजित ओलंपिक में 110 मीटर स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे थे और भारतीय दल के कप्तान थे। वह अकेले भारतीय पुरूष खिलाड़ी हैं, जिन्हें ऊंचीं कूद, भाला फैंक, 110 मीटर बाधा दौड़ और डैकेथलन – चारों में राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित करने का गौरव प्राप्त है। सन् 1962 में जकार्ता (इंडोनेशिया) में आयोजित एशियाई खेलों में अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक एवं फील्ड स्टेस्टेटिसियन के पैनल द्वारा इन्हें सर्वोत्तम एशियाई एथलीट घोषित किया गया था, जहां पर इन्होंने डैकेथलन में स्वर्ण पदक जीता था। श्री रंधावा 1960 के रोम ओलंपिक और 1996 के राष्ट्रमण्डल खेलों में प्रतिनिधित्व करने वाले अकेले भारतीय एथलीट हैं जिनके नाम पर 2 राष्ट्रमण्डल कीर्तिमान हैं। श्री रंधावा राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला के सबसे वरिष्ठ प्रशिक्षित एथलीट प्रशिक्षकों में से एक हैं और इन्होंने एशियाई खेलों में कई पदक विजेता तैयार किए हैं।

6 जून 1939 को नांगली, अमृतसर (पंजाब) में जन्मे श्री रंधावा दिनांक 19 अगस्त 1958 को के0रि0पु0बल में भर्ती हुए थे। विभिन्न पुलिस संगठनों में 35 वर्ष तक सेवा करने के पश्चात वह के0रि0पु0बल से 30 जून 1994 को सेवानिवृत्त हुए। के0रि0पु0बल का नाम भारत के खेल मानचित्र में दर्ज कराने में

अर्जुन पुरस्कार (एथलेटिक्स)-१९६१

Sports Map of India. He was awarded Home Minister's Gold Medal for the Best All India Police Athlete not less than six consecutive occasions, a unique distinction rarely achieved by any sportsman. Shri Randhawa for his inestimable services to the country in general and CRPF in particular, was awarded the Police Medal for Meritorious Service in 1978 and the President's Police Medal for Distinguished Service in 1990.

Legendary Randhawa is one of the most accomplished Olympic Athlete of our country. His contribution to develop sports culture and Athletic participation at grass-root level is enormous. In his multifarious responsibilities with the Indian Olympic Association, Sports Authority of India, Athletics Federation of India and Delhi Development Authority, he has assiduously worked to promote sports and especially athletics in our country. He was appointed as an advisor(Sports) to the Vice Chancellor, Punjabi University, Patiala and a Member of Post Graduate Board of Studies in Physical Education, Punjab University, Chandigarh from where he also received an Honorary Doctorate & a Senior Fellowship respectively making him the sole sportsperson from India to receive the accolade.

For promoting Athletics at villages, schools, and colleges in conjunction with his personal distinguished service, Shri Randhawa was awarded the prestigious 'Padma Shri Award' by the President of India in 2005.

इन्होंने अहम भूमिका निभाई है। इन्हें 6 बार सर्वोत्तम अखिल भारतीय पुलिस एथलीट के लिए गृहमंत्री का स्वर्ण पदक प्रदान किया गया है, जोकि किसी विरले खिलाड़ी द्वारा हासिल की जाने वाली विशिष्ट उपलब्धि है। श्री रंधावा को सामान्यतः उनकी अवर्णनीय देश सेवा और विशेषकर के0रि0पु0बल की सेवा हेतु वर्ष 1978 में सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक और 1990 में विशिष्ट सेवाओं हेतु राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान किया गया था।

सुप्रसिद्ध रंधावा हमारे देश के अति कुशल ओलंपिक एथलीटों में से एक हैं। खेल संस्कृति विकसित करने और निचले स्तर पर ऐथलीटों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने में इनका अत्यधिक योगदान रहा है। भारतीय ओलंपिक संघ, भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय एथलीट संघ और दिल्ली विकास प्राधिकरण में अपनी बहुविध जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए इन्होंने हमारे देश में खेलों, विशेषकर एथलेटिक्स को बढ़ावा देने हेतु महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्हें पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के उप कुलपति का सलाहकार (खेल–कूद) और शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर अध्ययन बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया था जहां से उन्हें क्रमशः डॉक्टरेट और सीनियर फेलोशिप की मानद उपाधियों से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्राप्त करने वाले वे देश के एकमात्र खिलाड़ी हैं।

अपने व्यक्तिगत विशिष्ट सेवाओं के बल पर गाँवों, विद्यालयों और कालेजों में एथलीट को बढ़ावा देने के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा वर्ष 2005 में श्री रंधावा को प्रतिष्ठित पदमश्री पुरस्कार से विभूषित किया गया।

Sh. Hari Chand
Second-in-Command
(Retd.)

श्री हरि चन्द
द्वितीय-कमान अधिकारी
(सेवानिवृत)

Shri Hari Chand, 2nd In-Command (Retd.) of Central Reserve Police Force got the Arjuna Award in 1975 for his outstanding performance in Athletics. He is the second person from CRPF to get this recognition.

Born in 1st April, 1953 in the District of Hoshiarpur (Punjab), Shri Hari Chand joined CRPF on 14th July, 1972. Known for his tremendous stamina in long distance running, Shri Chand ran 10,000 Mtrs in the timing of 28:48:72 at Montreal Summer Olympics securing the 8th place which is the best performance in his life.

In addition to the above, he secured the 1st place in 10,000 Mtrs and 3rd place in 5000 Mtrs. race in 1975 Asian Track & Field Championship at Seoul (South Korea) setting new records. Won two Gold medals, both in 5000 Mtrs. & 10,000 Mtrs in Bangkok Asian Games, 1978, which itself a rare achievement for an Indian on getting two Gold medals in a single continental sporting event.

He also participated both in Men's 10,000 Mtrs run and Marathon events in Moscow Olympics 1980 and secured 21st and 31st places respectively. He was declared as the Best India Sportsman of the year in 1979 for is overall performance in sports. He has been decorated with the Police Medal for Meritorious Service in the year 1988.

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के श्री हरी चन्द, द्वितीय कमान अधिकारी (सेवा–निवृत्त) ने एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 1975 में अर्जुन पुरस्कार अर्जित किया था। वह के0रि0पु0 बल के दूसरे व्यक्ति हैं जिन्होंनें यह सम्मान अर्जित किया है।

इनका जन्म 1 अप्रैल 1953 को जिला होशियारपुर (पंजाब) में हुआ था। श्री हरी चन्द 14 जुलाई 1972 को के0रि0पु0बल में भर्ती हुए थे और लम्बी दूरी की दौड़ के लिए अपने जबरदस्त दम के लिए जाने जाते थे। श्री चन्द ने मोनट्रियल ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में 10,000 मीटर की दौड़ 28:48:72 मिनट में पूरी करके 8वां स्थान प्राप्त किया था जो कि उनके जीवन का सर्वोत्तम प्रदर्शन है।

उपरोक्त के अलावा इन्होंने वर्ष 1975 के सियोल (दक्षिणी कोरिया) में आयोजित एशियन ट्रैक एवं फील्ड चैम्पियनशिप में 10,000 मीटर दौड़ में प्रथम एवं 5,000 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त करके नए कीर्तिमान स्थापित किए। वर्ष 1978 में बैंकाक में आयोजित एशियाई खेलों में 5,000 मीटर एवं 10,000 मीटर में दो स्वर्ण पदक जीते हैं, जो कि एक ही महाद्वीपीय खेल स्पर्धा में किसी भारतीय द्वारा 2 स्वर्ण पदक जीतना अपने आप में एक अनूठी उपलब्धि है।

इन्होंने 1980 में मॉस्को में आयोजित ओलंपिक खेलों में पुरूष वर्ग की 10,000 मीटर दौड़ और मैराथन स्पर्धा में भी भाग लेकर क्रमशः 21वां एवं 31वां स्थान हासिल किया। खेलों में उनके समग्र प्रदर्शन के लिए 1979 में उन्हें सर्वोत्तम भारतीय खिलाड़ी घोषित किया गया। उन्हें सन् 1988 में सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक प्रदान किया गया।

Sh. Khajan Singh
DIGP

श्री खजान सिंह
पुलिस उप महानिरीक्षक

Arjuna Award (Swimming) 1984

Born on 5th May, 1964 at Munirka Village in Delhi, Shri Khajan Singh Tokas made his debut in competitive swimming by winning 05 Gold Medals at the National School Championships in 1981-82. Entering to National Aquatics Championship, Shri Khajan Singh outclassed his competitors by winning 05 Gold, 02 Silver and 01 Bronze Medals at Delhi in 1982 and by winning 07 Gold, 02 silver & 01 Bronze medals in the next year National event at Thiruvanantpuram.

After Joining CRPF on 1st April, 1982, Sh. Khajan singh has been awarded with the prestigious "Arjuna Award" in 1984 for his outstanding contribution in Swimming.

He represented the country in 12th Commonwealth Games at Brisbane and 9th Asian Games at Delhi 1982. His first international medal came from 1984 SAF Games at Kathmandu(Nepal) where he won 08 Gold medals and he also represented the country in Asian Swimming Championship Seoul in the same year. Sh. Khajan won a Silver medal in 200 Mtrs Butterfly Stroke at the 1986 Asian Games in Seoul creating a history in Indian Swimming by winning this medal after 35 years which no Indian swimmers achieved so far. His National Records in 200 mtrs. Butterfly Stroke still stands since 1986.

He won a Bronze medal at the 1988 Asian



5 मई 1964 को दिल्ली के मुनीरिका गांव में जन्मे श्री खजान सिंह टोकस ने तैराकी स्पर्धा में वर्ष 1981–82 में राष्ट्रीय स्कूल चैम्पियनशिप में 5 स्वर्ण पदक जीतकर अपनी शुरूआत की। 1982 में राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में भाग लेकर श्री खजान सिंह ने 5 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक तथा इसके अगले वर्ष तिरूभानन्तपुरम् में आयोजित राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में 7 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीतकर अपने प्रतिद्वंदियों को पीछे छोड़ दिया।

1 अप्रैल 1982 को के0रि0पु0बल में सेवा ग्रहण करने पर श्री खजान सिंह को तैराकी में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सन् 1984 में प्रतिष्ठित "अर्जुन पुरस्कार" प्रदान किया गया।

इन्होंने सन् 1982 में ब्रिसबेन में आयोजित हुए 12वें राष्ट्रमण्डल खेलों और दिल्ली में आयोजित हुई 9 वें एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व किया। इनको पहला अंतर्राष्ट्रीय पदक काठमांडू (नेपाल) में आयोजित हुई दक्षिण एशियाई संघ खेलों में मिला जिसमें इन्होंने 8 स्वर्ण पदक जीते और इसी वर्ष सियोल में आयोजित एशियन तैराकी चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व भी किया। श्री खजान सिंह ने 1986 में सियोल में आयोजित एशियाई खेलों में 200 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक में 35 वर्षो बाद रजत पदक जीतकर इतिहास रचा, जिसे अभी तक कोई भारतीय तैराक अर्जित नहीं कर सका है। 200 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक में इनका राष्ट्रीय कीर्तिमान 1986 से अभी तक किसी खिलाड़ी द्वारा नहीं तोड़ा गया है।

इन्होंने 1988 में गोंगझोओं में आयोजित हुई एशियाई



अर्जुन पुरस्कार (तैराकी) १९८४

Swimming Championship in Guangzhou & Silver medal in the 100 Mtrs Butterfly at the World Police Games in 1989 at Rome(Italy). He became the undisputed hero in Swimming at the 1988 Nationals at Kolkata making an unprecedented haul of 08 individual Gold medals, 05 of them glittering with new records. He secured 07 Gold & 01 Silver medals in SAF Games held at Islamabad(Pakistan) in the year 1989. He also participated in Seoul Olympics 1988.

Sh. Khajan Singh, DIG in CRPF currently holding the post of the Central Sports Officer at the Force Headquarter and responsible for management of all 32 CRPF Central Sports Teams. In recognition to his contribution to the Force, he has been awarded with the Police Medal for Meritorious Service in 2000 and the President's Police Medal for Distinguished Service in 2009.

Worked in the Commonwealth Games 2010 Delhi as the Jt. Secretary, Org. Committee, Co-convener in Games Technical Conduct Committee & Administrator of Dr. SPM Aquatic Complex of CWG. He is the Govt. Observer in the Swimming Discipline and Members in National Selection Committee of Swimming, Governing Body of Sports Authority of India, Appeal Panel of National Anti-Doping Agency (NADA), Selection Committee of National Sports Awards and Opex Committee for 2012 London Olympics.

तैराकी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता और 1989 में रोम (इटली) में आयोजित हुई विश्व पुलिस खेलों में 100 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक में रजत पदक जीता। सन् 1988 में कोलकाता में आयोजित हुई राष्ट्रीय खेलों में ये तैराकी के निर्विवाद नायक बनकर उभरे जिसमें इन्होंने अप्रत्याशित रूप से 8 स्वर्ण पदक जीते, जिसमें से 5 तो नए कीर्मिमान के साथ जीते। सन् 1989 में इस्लामाबाद (पाकिस्तान) में आयोजित हुई दक्षिण एशियाई संघ खेलों में इन्होंने 7 स्वर्ण एवं रजत पदक जीते। इन्होंने 1988 में सियोल में आयोजित हुए ओलंपिक खेलों में भी भाग लिया।

वर्तमान में श्री खजान सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक पद पर तैनात है और केन्द्रीय खेल अधिकारी का कार्यभार देख रहे हैं तथा सभी 32 के0रि0पु0बल केन्द्रीय खेल टीमों के प्रबंधन की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। बल में इनके योगदान के दृष्टिगत वर्ष 2000 में इन्हें "सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक" और वर्ष 2009 में "विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक" से सम्मानित किया गया।

दिल्ली में आयोजित हुई राष्ट्रमण्डल खेल 2010 में इन्होंने संचालन समिति के संयुक्त सचिव, खेलों की तकनीकी संयोजन समिति के सह–संयोजक एवं राष्ट्रमण्डल खेलों के डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी तैराकी परिसर के प्रशासक के रूप में कार्य किया। ये तैराकी स्पर्धा और तैराकी की राष्ट्रीय चयन समिति के शासकीय पर्यवेक्षक हैं तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के शासी निकाय, राष्ट्रीय एंटी डोपिंग एजेंसी (एन.ए.डी.पी.) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार चयन समिति एवं लंदन में 2012 में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों की शीर्ष समिति के सदस्य भी हैं।

Sh. Raghubir Singh Bal
Commandant (Retd.)

श्री रघुबीर सिंह बल
कमान्डेंट (सेवानिवृत्त)

Arjuna Award (Athletics) 1985

Born on 22nd June, 1953 at village Sajjalwari, in the district of Amritsar (Punjab), Shri Raghubir Singh Bal, Commandant(Retd.) is the forth person of CRPF to get the Arjuna Award in the year 1985 for his excellent performance in the field of Athletics.

Joined in CRPF on 5th June, 1971, Shri Bal not only became the undisputed hero in the discipline of Hammer Throw by remaining the Champion in All India Police Games from the year 1976-1992 but also ruled in the discipline in the National Athletics Championship becoming the number one from 1975-1990 with the National record of 66.74 mtrs set in the year 1985.

After a successful stint in All India Police Games and National Athletic Championships, Shri Bal made a mark in the International sporting arena in 1975 securing a Bronze medal in Hammer throw in the Asian Athletic Championship at Seoul(Korea). After that, there was no look back and he went on winning medals in International events like, Bronze medal in Asian Athletic Championship in 1979 at Tokyo, Bronze medal in Asian Track & Field at Kuwait city in 1983 etc. He also won Gold medal in Hammer at the Asian Athletic Championship at Jakarta in 1985 with a magnificent throw of 64.34 mtrs. He secured 4th place in hammer throw at 1982 Asiad at New Delhi. He won the Gold medal in Hammer throw at 1989 South Asia Federation Games at Islamabad with a meet record. Shri Bal also tried his hand in discipline of Discuss throw and won a Bronze medal in 1981 Asian Athletic meet at Tokyo.

He accompanied the Indian National Team as a Coach to 1993 SAF Games at Dhaka(Bangladesh) and International Invitational Meet at Belarus in 1999.

He has been conferred on the Maharaja Ranjit Singh Award by Punjab State Govt. for his overall contribution to the Indian Sports. He also got the President Police Medal for meritorious services in the year 1989.

22 जून 1953 को गांव सज्जलवारी, जिला अमृतसर (पंजाब) में जन्मे श्री रघुवीर सिंह बल कमान्डेंट (सेवानिवृत्त), के0रि0पु0बल के चौथे व्यक्ति हैं जिन्हें एथलेटिकस के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सन् 1985 में "अर्जुन पुरस्कार" प्रदान किया गया है।

5 जून 1971 को के0रि0पु0बल में भर्ती हुए श्री बल, अखिल भारतीय पुलिस खेलों में 1976 – 1992 तक "हैम्मर थ्रो" स्पर्धा में न केवल निर्विवाद हीरो रहे, बल्कि इसमें सन् 1985 में 66.74 मीटर के राष्ट्रीय कीर्तिमान के साथ वर्ष 1975–1990 तक राष्ट्रीय एथलीट चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान पर बने रहे।

अखिल भारतीय पुलिस खेलों एवं राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में सफल शुरूआत करने के पश्चात श्री बल ने 1975 में सियोल (कोरिया) में आयोजित हुई एशियाई एथलीट चैम्पियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त करके अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत में अपनी पहचान बनाई। इसके पश्चात इन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं जैसे कि 1979 में टोकियो में आयोजित एशियन एथलीट चैम्पियनशिप में कांस्य पदक, सन् 1983 में कुवैत शहर में आयोजित "एशियाई ट्रैक एवं फील्ड" में रजत पदक जीतकर पदक हासिल करते गए। इन्होंने जकार्ता में 1985 में आयोजित हुए एशियाई एथलीट चैम्पियनशिप में हैम्मर थ्रो में 64.34 मीटर के शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक भी जीता। सन् 1982 में दिल्ली में आयोजित हुई एशियाई खेलों में इन्होंने चौथा स्थान प्राप्त किया। सन् 1989 में इस्लामाबाद में आयोजित हुई दक्षिणी एशियाई संघ खेलों में हैम्मर थ्रो में कीर्तिमान के साथ स्वर्ण पदक जीता। टोकियो में सन् 1981 में आयोजित हुई एशियाई एथलीट प्रतियोगिता में इन्होंने डिसकस थ्रो स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।

सन् 1993 में ढाका (बंगलादेश) में आयोजित हुई दक्षिणी एशियाई संघ खेलों में एवं 1999 में बेलारूस में आयोजित इंटरनेशनल इनविटेशनल प्रतियोगिता हेतु ये भारतीय राष्ट्रीय टीम के प्रशिक्षक (कोच) के तौर पर टीम के साथ गए।

भारतीय खेलों के लिए इनके समग्र योगदान के लिए पंजाब राज्य सरकार द्वारा इन्हें "महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार" प्रदान किया गया। इनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सन् 1989 में इन्हें "राष्ट्रपति का पुलिस पदक" भी प्रदान किया गया है।



अर्जुन पुरस्कार (एथलेटिक्स) १९८५

Padmashri

Ms. N. Kunjarani Devi
Second-in-Command
पदमश्री सुश्री एन. कुंजारानी देवी
द्वितीय कमान अधिकारी

Ms. N. Kunja Rani Devi, 2nd-In-Command of Central Reserve Police Force got the Arjuna Award in the year 1990 for her outstanding performance in the field of Weightlifting. Ms. Kunjarani was also conferred with Rajiv Gandhi Khel Ratna Award, the highest Sports Award of the country, in the year 1996. The other awards like Limca Book Special Award and Hero Honda Sports Award were also bestowed upon her in the years 1988 and 2003 respectively. She has been conferred upon the prestigious "Padma Shri" award for her extraordinary contribution to Indian Sports in the year 2011.

Born on 1st March, 1966 at Imphal (Manipur), Ms. N. Kunjarani is known for her tremendous strength in 48 Kg. category of Women Weightlifting. She reigned the sports for 26 years from 1985 to 2006, winning 68 International, 49 National and 02 All India Police Games Medals, which is a record for any Indian women to set in the history of Sports. She missed the Olympic Bronze medal, by a whisker and secured the 4th place in Athens Olympics 2004. She won Gold medals in 2002 & 2006 Commonwealth Games and 1998, 1999 & 2003 Commonwealth Championships. She won Bronze medals in 1990 & 1994 Asian Games and secured three times Gold & eight times Silver medals in Asian Championships. She also participated in World Championships 12 times out of which she secured a Gold medal in 1996, Silver medals in 1989, 1991, 1992, 1994, 1995, 1997 & 1999 and Bronze medal in 1996. She remained as "Number One" in World ranking, weightlifting for quite a long period.

के0रि0पु0बल की सुश्री एन. कुंजारानी देवी, द्वितीय कमान अधिकारी को भारोत्तोलन के क्षेत्र में इनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 1990 में अर्जुन पुरस्कार मिला है। सुश्री कुंजारानी को सन् 1996 में देश के सबसे बड़े खेल पुरस्कार "राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार" से भी नवाजा गया है। सन् 1988 और 2003 में इन्हें अन्य पुरस्कार जैसे कि "लिमका बुक स्पेशल पुरस्कार" एवं " हौंडा स्पोर्टस पुरस्कार " प्रदान किए गए हैं। भारतीय खेलों में इनके असाधारण योगदान के लिए इन्हें सन् 2011 में प्रतिष्ठित "पदम श्री" पुरस्कार से भी नवाजा गया है।

1 मार्च 1966 को इम्फाल (मणिपुर) में जन्मी सुश्री कुंजारानी को महिला भारोत्तोलन 48 किलाग्राम वर्ग में उनकी जबरदस्त ताकत के लिए जाना जाता है। सन् 1985 से 2006 तक इन्होनें 68 अंतर्राष्ट्रीय, 49 राष्ट्रीय एवं 2 अखिल भारतीय पुलिस खेल पदक जीतकर 26 वर्षो तक खेल जगत में अपना अधिपत्य बनाए रखा, जो कि खेल जगत में किसी भारतीय महिला द्वारा बनाया जाने वाला एक कीर्तिमान है। सन् 2004 में एथेंस में आयोजित हुए ओलंपिक खेलों में ये एक व्हीसकर (Whishker) से कांस्य पदक से वंचित रही और इन्होंने चौथा स्थान प्राप्त किया। इन्होंने सन् 2002 एवं 2006 में आयोजित हुए राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण पदक एवं 1998, 1999 एवं 2003 में राष्ट्रमण्डल चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इन्होंने 1990 एवं 1994 की एशियाई खेलों में कांस्य पदक तथा एशियाई चैम्पियनशिप में 3 बार स्वर्ण एवं 8 बार रजत पदक जीता है। इन्होंने 12 बार विश्व चैम्पियनशिप में भाग लिया जिनमें सन् 1996 में स्वर्ण, 1989, 1991, 1992, 1994, 1995, 1997 एवं 1999 में रजत पदक और 1996 में कांस्य पदक जीता है। वह काफी लम्बे समय तक भारोत्तोलन में विश्व स्तर पर "नंबर एक ' रैंक पर रही हैं।

Ms. N. Laxmi
Ex-Inspector (Mah.)
श्रीमती एन. लक्ष्मी
भूतपूर्व निरीक्षक (महिला)

Arjuna Award (Weight Lifting) 1997

Ms. N. Laxmi, Ex-Insp (Mah.) of CRPF got the Arjuna Award in the year 1997 for her outstanding performance in Weightlifting (Women).

Born on 21st March, 1973 at Voosavani Peta of District Sri-Kakulam (Andhra Pradesh), Ms. N. Laxmi joined the CRPF Central Weightlifting Team on 20th January, 1996 while on peak level of her performance.

She won Gold medals in All India Police Games of 1998 & 2001 and National Games/ Championships from 1995 to 1999. She secured the Bronze medals each in 1994 Hirosema Asian Games and 1995 Asian Weightlifting Championship at Korea, Gold medal & Silver medals in Commonwealth Weightlifting Championship at Melbourne in 1999 and Manchester 2002 respectively. She also won a Silver and Brozne Medals at World Weightlifting Championship at China in 1995 and Thailand in 1997 respectively.

श्रीमती एन. लक्ष्मी, भूतपूर्व निरीक्षक (महिला), के0रि0पु0बल ने वर्ष 1997 में भारोतोलन (महिला) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार अर्जित किया था।

21 मार्च 1973 को वूसनवी पेटा, जिला श्री काकूलम, आंध प्रदेश में जन्मी एन. लक्ष्मी ने 20 जनवरी 1996 को उस समय के0रि0पु0बल की केन्द्रीय भारोत्तोलन टीम में भर्ती हुई जब वह अपने प्रदर्शन के सर्वोच्च शिखर पर थी ।

उन्होंने वर्ष 1998 और 2001 में अखिल भारतीय पुलिस खेल–कूदों और 1995 से 1999 तक राष्ट्रीय खेलों / चैम्पियनशिपों में स्वर्ण पदक जीते। उसने वर्ष 1994 में हिरोसिमा एशियाई खेलों और 1995 में कोरिया में एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में प्रत्येक में कॉस्य पदक, 1999 में मेलबार्न में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैम्पियनशिप और मैनचेस्टर में 2002 में क्रमशः स्वर्ण पदक और रजत पदक अर्जित किए। उन्होंने 1995 में चीन में और 1997 में थाईलैंड में संपन्न विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में क्रमशः रजत पदक और कॉस्य पदक अर्जित किए ।

अर्जुन पुरस्कार (भारोत्तोलन) १९९७

Ms. Shilpi Singh
Ex-Inspector (Mah.)

श्रीमती शिल्पी सिंह
भूतपूर्व निरीक्षक (महिला)

Arjuna Award (Shooting) 1997

Ms. Shilpi Singh, Ex-Insp(Mah.) of CRPF got the Arjuna Award in the year 1997 for her outstanding performance in Shooting Sports.

Born in 27th March, 1980 at Kargali in District Bokaro of Jharkhand State, Ms. Shilpi singh joined CRPF on 14/10/2006 in the basis of her excellence performance in Shooting Sports.

She won a total of 49 Gold, 27 Silver, 16 Bronze Medals in National Shooting events and 07 gold, 05 Silver and 05 Bronze Medals in International Shooting events from the year 1997 to 2011. Her peak performance was in the year 1999 while she won two Gold and one Silver medal in 8th SAF Games at Kathmandu(Nepal) and one Bronze medal in 3rd Commonwealth Shooting Championship at Ackland(New Zealand) and securing 10th place in World Cup Shooting at Milan (Italy) in the year 2001.

She has been also bestowed upon the Kalpana Chawla Excellence Award and Young Achievers Award in the year 2007.

श्रीमती शिल्पी सिंह, भूतपूर्व निरीक्षक(महिला), के0रि0पु0बल को निशानेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु वर्ष 1997 में अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया।

27 मार्च 1980 को करगली, जिला बोकारो, झारखंड में जन्मी शिल्पी सिंह निशानेबाजी खेल में शानदार प्रदर्शन के आधार पर दिनांक 14 अक्टूबर 2006 को के0रि0पु0बल में भर्ती हुई।

उन्होंने वर्ष 1997 से 2011 तक राष्ट्रीय निशानेबाजी स्पर्धाओं में 49 स्वर्ण, 27 रजत और 16 कॉस्य तथा अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी स्पर्धाओं में 7 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कॉस्य पदक जीते। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वर्ष 1999 का था, जब उन्होंने काठमांडू (नेपाल) में सम्पन्न 8वें सैफ खेलों में 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक अर्जित किए। तथा वर्ष 2001 में आकलैंड (न्यूजीलैंड) में संपन्न तीसरे राष्ट्रमंडल निशानेबाजी चैम्पियनशिप में 1 कॉस्य पदक और मिलान (इटली) में विश्व कप निशानेबाजी चैम्पियनशिप में 10वां स्थान प्राप्त किया।

उन्हें वर्ष 2007 में कल्पना चावला उत्कृष्टता पुरस्कार और युवा उपलब्धिकर्ता पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

अर्जुन पुरस्कार (निशानेबाजी) १९९७

Sh. Paramjeet Singh
Deputy Commandant
श्री परमजीत सिंह
उप कमान्डेंट

Arjuna Award (Athletics) 1998

Shri Paramjeet Singh, Dy. Comdt., CRPF has received the Arjuna Award in the year 1998 for his outstanding performance in the discipline of Athletics.

Born on 22nd August, 1971 at Nainowall, Jattan, Distt.-Hosiarpur (Punjab). Sh. Paramjeet Singh joined in CRPF on 1st October, 1990 and continued winning the Medals in All India Police Games from 1993 to 2007. He remained as an undisputed hero in National Athletics from 1994 to 2002 by setting the National record in 400M run with timings of 45.56 seconds at National Athletic Meet at Kolkata in 1998 and breaking a 38 years old records of Flying Sikh Milkha Singh. He secured Silver medal each in 1998 & 2002 in Asian Games at Bangkok and Bussan respectively. He made the country proud by winning Gold Medals consecutively in four World Police Games from 1995 to 2001. He also participated in 2000 Sydney Olympics.

He has also been decorated with Maharaja Ranjit Singh Award in 2006 by Punjab State Govt. for his overall contribution to the Indian sports.

श्री परमजीत सिंह, उप कमान्डेंट, के0रि0पु0बल को एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए वर्ष 1998 में अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया ।

26 अगस्त 1971 को नैनोवाल, जराब, जिला–होशियारपुर (पंजाब) में जन्मे श्री परमजीत सिंह दिनांक 1 अक्टूबर 1990 में के0रि0पु0बल में भर्ती हुए और वर्ष 1993 से 2007 तक अखिल भारतीय पुलिस खेल–कूद स्पर्धाओं में लगातार पदक जीतते रहे। वर्ष 1998 में कोलकाता में राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर की दौड़ में 45.56 सैकण्ड का राष्ट्रीय रिकार्ड करने के साथ उड़न सिख मिल्खा सिंह के 38 साल पुराने रिकार्ड को तोड़कर वे वर्ष 1994 से 2002 तक राष्ट्रीय एथलेटिक्स में अविवादित हीरो बने रहे। उन्होंने वर्ष 1998 और 2002 में क्रमशः बेंकाक और बुसान में सम्पन्न हुए एशियाई खेलों में प्रत्येक में रजत पदक जीते । उन्होंने वर्ष 1995 से 2001 तक 4 विश्व पुलिस खेलों में लगातार स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने वर्ष 2000 के सिडनी ओलम्पिक में भी भाग लिया ।

भारतीय खेल–कूदों में उनके समग्र योगदान के लिए पंजाब सरकार द्वारा वर्ष 2006 में उन्हें महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से भी अलंकृत किया ।

अर्जुन पुरस्कार (एथलेटिक्स) १९९८

Ms. Sanamacha Chanu
Assistant Commandant
श्रीमती सनमचा चानु
सहायक कमान्डेंट

Ms. Sanamacha Chanu, Asstt. Comdt., CRPF got the prestigious Arjuna Award in the year 2000 for the outstanding performance in Weightlifting(Women.)

Born on 1st February, 1975 at Moirang Kampu (Manipur). Ms. Sanamacha Chanu joined CRPF on 22nd August, 1996 in Sports basis.

Participated in 53 Kg Weight category of women weightlifting from 1996 to 2009, she won 05 Gold, 01 Silver medals in All India Police Games. 14 Gold, 01 Silver & 03 Bronze medals in National Weightlifting events and 10 Gold, 05 Silver & 01 Bronze Medals in International weightlifting events. The crowning glory of her sporting career came when she secured 03 Gold medals in Commonwealth Championhip in 1997, 03 Gold medals in Asian Championship in 2000 and 03 Gold medal in Commonwealth Games in 2002. She participated in Sydney Olympics in 2000 and got 4th place missing the Olympic Bronze medals by a narrow margin.

सुश्री सनामाचा चानु, सहायक कमान्डेंट, के0रि0पु0बल ने भारोत्तोलन (महिला) में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु वर्ष 2000 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार प्राप्त किया।

1 फरवरी 1975 को मोइरंग, कम्पू, मणिपुर में जन्मी सनामाचा चानु खेल–कूद आधार पर दिनांक 22 अगस्त 1996 में के0रि0पु0बल में भर्ती हुई थी।

वर्ष 1996 से 2009 तक महिला भारोत्तोलन में 53 कि0ग्रा0 वजन श्रेणी में भाग लिया और अखिल भारतीय पुलिस खेल–कूद स्पर्धाओं में 5 स्वर्ण, 1 रजत, राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं में 14 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कॉस्य पदक और अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं में 10 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कॉस्य पदक जीते । उनके खेल–कूद जीवन का सर्वोच्च गौरव का क्षण उस समय आया जब उन्होंने वर्ष 1997 में राष्ट्रमंडल खेलों में 3 स्वर्ण पदक और वर्ष 2000 में एशियाई चैम्पियनशिप में 3 स्वर्ण पदक और वर्ष 2002 में राष्ट्रमंडल खेलों में 3 स्वर्ण पदक अर्जित किए। उन्होंने वर्ष 2000 में सिडनी ओलम्पिक में भी भाग लिया और बहुत मामूली अंतर से चौथे स्थान पर रहकर ओलम्पिक कॉस्य पदक से चूक गई।

Sh. Akram Shah
Assistant Commandant
श्री अकरम शाह
सहायक कमान्डेंट

Shri Akram Shah, Asstt. Comdt. of CRPF got the Arjuna Award in year 2003 for his excellent performance in the field of Judo.

Born in 11th June, 1974 at Mandawali, Delhi Sh. Akram Shah joined the department of CRPF on 27th October, 1998 on the basis of sports. He participated in All India Police Games in Judo event winning Gold Medals in 2001 & 2007 and Silver Medal in 2005 & 2006. He remained an undisputed hero in the field of National Judo discipline almost Ten years from 2000 to 2009 winning Medals in every year which includes 08 Gold, 01 Silver and 01 Bronze Medals. He made the country proud bringing so many International Medals in Judo including 01 Silver in 2002 Commonwealth Games, England, 01 Bronze in 2003 Asian Judo Championship in South Korea, 01 Gold in SAF Games, Dhaka (Bangladesh). He also participated in 2004 Athens Olympics and secured 9th place in Judo event.

श्री अकरम शाह, सहायक कमान्डेंट, के0रि0पु0बल को जूडो क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए वर्ष 2003 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

11 जून 1974 को मंडावली, दिल्ली मे जन्मे अकरम शाह, खेलकूद के आधार पर 27 अक्तूबर 1998 को के0रि0पु0बल में भर्ती होकर "अखिल भारतीय पुलिस खेल–कूद" की जूडो स्पर्धा में वर्ष 2001 और 2007 में स्वर्ण पदक तथा 2005 और 2006 में रजत पदक जीते। वे लगभग 10 वर्षों तक अर्थात 2000 से 2009 तक जूडो में राष्ट्रीय स्तर पर निर्विवाद नायक रहे क्योंकि इस दौरान इन्होंने लगभग प्रत्येक वर्ष पदक जीते जिनमें 8 स्वर्ण, 1 रजत तथा 1 कांस्य पदक शामिल हैं। इन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में पदक जीत कर देश को गौरवान्वित किया। इन्होंने 2002 में इंग्लैंड में राष्ट्रमंडल खेलों में 1 रजत 2003 में दक्षिण कोरिया में सम्पन्न हुए एशियाई जूडो चैम्पियनशिप में 1 कांस्य पदक, ढाका, बांग्लादेश में संपन्न हुए दक्षिण एशियाई संघ खेलों में 1 स्वर्ण पदक जीता। इन्होंने 2004 के एथेन्स ओलम्पिक्स में भी भाग लिया और जूडो स्पर्धा में 9वें स्थान पर रहे।

Sh. Sunder Singh
Ex-Inspector(General Duty)
श्री सुंदर सिंह
भूतपूर्व निरीक्षक (सामान्य ड्यूटी)

Arjuna Award (Kabaddi) 2004

Shri Sunder Singh, Insp(GD), CRPF was conferred on the Arjuna Award in the year 2004 for his outstanding performance in the Game of Kabaddi.

Born in 25th August, 1981 at Lakhan Majra, Rohtak (Haryana) joined CRPF on 6th October, 1998 and left the force on 19th July, 2008 for different assignment.

With in his ten years of service in the force (CRPF), he was instrumental in bringing up the Kabaddi team of CRPF which won Gold medals in All India Police Games in 1999, 2003, 2004 & 2006. He participated in National Kabaddi Championships and won Bronze medals in 2001 & 2003 and Silver medal in 2002. He was a playing member in Gold winning team of the National Games 2001.

He was the member of Indian team which won Gold medal in 14th Asian Games 2002 at Busan (South Korea). He also won Gold medals both in Malaysian International Kabaddi Championship in 2002 at Kualalumpur and World Cup Kabaddi Tournament at Mumbai(India) in the year 2004.

श्री सुंदर सिंह, निरीक्षक, के0रि0पु0बल को कबड्डी के खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए वर्ष 2004 में अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया।

25 अगस्त 1981 को लखन माजरा, रोहतक (हरियाणा) में जन्मे श्री सुंदर सिंह, 6 अक्तूबर 1998 में के0रि0पु0बल में शामिल हुए और अन्यत्र कार्यभार ग्रहण करने के कारण 19 जुलाई 2008 में के0रि0पु0बल छोड़ दी।

10 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने के0रि0पुबल की कबड्डी टीम तैयार करने में प्रमुख भूमिका निभाई जिसने 1999, 2003, 2004 तथा 2006 में संपन्न हुए अखिल भारतीय पुलिस खेल–कूदों में स्वर्ण पदक जीते। इन्होंने राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया और वर्ष 2001, 2003 में कांस्य पदक व 2002 में रजत पदक जीता। वे वर्ष 2001 में राष्ट्रीय खेल की स्वर्ण पदक विजेता टीम के खिलाड़ी थे।

वे वर्ष 2002 में बुसान (दक्षिण कोरिया) में आयोजित 14वें एशियाई खेलों में भारतीय कबड्डी की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे। इन्होंने वर्ष 2002 में मलेशियन अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप (क्वालालामपुर) तथा वर्ष 2004 में विश्व कप कबड्डी टूर्नामेंट, मुम्बई दोनों में स्वर्ण पदक भी जीता।

अर्जुन पुरस्कार (कबड्डी) 2004

Ms. A. Anita Chanu
Assistant Commandant

सुश्री ए. अनिता चानू
सहायक कमान्डेंट

Ms. A. Anita Chanu, Asstt. Comdt., CRPF was conferred the Arjuna Award in the year 2004 for her outstanding performance in the discipline of Judo.

Born on 24th April, 1981 in Manipur and enrolled to the department of CRPF on 17th November, 2000. Ms. A. Anita Chanu started her participation in National Judo Championship from 2001 to 2010 and won medals almost every year bagging 06 Gold, 02 Silver & 01 Bronze medals. Making her debut in International Judo events, she secured 5th place in International Judo Championship at Germany in 2001. After that, there is no look back and she went on winning medals in International arena which are as under, Gold in Judo Championship at Vietnam-2003, Bronze in Asian Judo Championship at Japan in 2003, Silver in Jr. Asian Judo Championship, Macau-2003, Gold in International Judo Championship, Lucknow-2004, Gold in Commonwealth Judo Championship, Newzeland-2004, Gold in SAF Games, Colombo 2006 and one Gold each in Commonwealth Judo Championship at Mauritius & Singapore.

सुश्री अनिता चानू, सहायक कमान्डेंट, के0रि0पु0बल को जूडो के खेल में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 2004 में अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया।

24 अप्रैल 1981 को मणिपुर में जन्मी और 17 नवंबर 2000 को के0रि0पु0बल में भर्ती हुईं सुश्री ए.अनिता चानू ने वर्ष 2001 से 2010 तक राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में भाग लिया और लगभग हर वर्ष पदक जीतते हुए कुल 6 स्वर्ण, 2 रजत तथा 1 कांस्य पदक जीते। वर्ष 2001 में जर्मनी में संपन्न अंतर्राष्ट्रीय जूडो प्रतिस्पर्धा में इन्होंने पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भाग लेते हुए 5वां स्थान हासिल किया। तब से इन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में जो पदक जीते उनका विवरण इस प्रकार है : 2003 में विएतनाम में हुई जूडो चैंपियनशिन में स्वर्ण, 2003 में जापान में सम्पन्न एशियन जूडो चैम्पियनशिप में कांस्य, 2003 में मकाऊ में सम्पन्न जूनियर एशियाई जूडो चैम्पियनशिप में रजत, 2004 में लखनऊ में सम्पन्न अंतर्राष्ट्रीय जूडो प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण, न्यूजीलैण्ड में 2004 में सम्पन्न राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण, कोलम्बो में 2006 में हुए दक्षिण एशियाई संघ खेलों में स्वर्ण तथा मॉरिशस एवं सिंगापुर में हुए अलग–अलग राष्ट्रमंडल खेलों में प्रत्येक में एक–एक स्वर्ण पदक अर्जित किए।

Ms. Geeta Rani
Inspecotor (Mahila)

श्रीमती गीता रानी
निरीक्षक (महिला)

Ms. Geeta Rani, Insp(Mah.) of CRPF was awarded with the Arjun Award in the year 2006 for her outstanding performance in weightlifting(Women).

Born on 16th September, 1981 at Chttowal, District-Hoshiarpur (Punjab). Ms. Geeta Rani joined the CRPF Central Weightlifting team on 20th November, 1999.

Participating in 105+ Kg class of weightlifting(women) category, she started winning medals in All India Police Games form 2001 to 2009 totaling 08 Gold and 01 Silver medals. She reigned the sports in National arena for nine long years winning medals in every year from 1999 to 2008 bagging an impressive total of 08 Gold, 12 Silver and 04 Bronze medals. She made her maiden entry in International Weightlifting event in year 2000 securing 4th place in Jr. World weightlifting Championship at France. After that, she participated in many International weightlifting events but won the medals in following events – 03 Silver medals in Asian Weightlifting Championship China-2003, 02 Silver and 01 Bronze medals in Asian Weightlifting Championship Kazakhstan-2004, 01 Bronze medal in 1st Afro-Asian Games, Hyderabad-2003, 03 Gold medals in Commonwealth Weightlifting Championship at Malta-2004, 01 Bronze medal in Asian Weightlifting Championship Dubai-2005, 03 Gold medals in Commonwealth weightlifing Championship Australia-2005, 01 Gold in commonwealth Games-2006 Melbourne (Aus.), 02 Bronze medals in Asian Weightlifting Championship Taiwan-2007 and 01 Gold in Commonwealth Weightlifting Championship-2009.

सुश्री गीता रानी, निरीक्षक (महिला) ने वर्ष 2006 में भारोतोलन (महिला) में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु अर्जुन पुरस्कार अर्जित किया ।

16 सितंबर 1981 को चटवाल, जिला होशियारपुर, पंजाब में जन्मी सुश्री गीता रानी, दिनांक 20 नवंबर 1999 में के0रि0पु0बल में भर्ती हुई ।

उन्होंने 105+ कि0ग्रा0 वर्ग की भारोत्तोलन (महिला) स्पर्धा में भाग लेते हुए वर्ष 2001 से 2009 तक अखिल भारतीय पुलिस खेलों में पदक जीतकर कुल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक अर्जित कि। उन्होंने वर्ष 1999 से 2008 तक प्रत्येक वर्ष पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में 8 स्वर्ण, 12 रजत और 4 कॉस्य पदक अर्जित करके लगातार 9 वर्षों तक खेल पटल पर छायी रही। उसने पहली बार वर्ष 2000 में फ्रांस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में भाग लिया और जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में चौथे स्थान पर रही । उसके बाद उन्होंने कई अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन स्पर्धाओं में भाग लिया और निम्नलिखित स्पर्धाओं में पदक जीते – वर्ष 2003 में चीन में आयोजित एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 3 रजत पदक, वर्ष 2004 में कजाकिस्तान में आयोजित एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 1 कांस्य पदक, वर्ष 2003 में हैदराबाद में आयोजित एफ्रो–एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 1 कांस्य पदक, वर्ष 2004 में मालटा में आयोजित राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में एक 3 स्वर्ण पदक, वर्ष 2005 में दुबई में आयोजित एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 1 कांस्य पदक, वर्ष 2005 में आस्ट्रेलिया में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों चैम्पियनशिप में एक 3 स्वर्ण पदक, वर्ष 2006 में मेलबोर्न (आस्ट्रेलिया) में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में एक 1 स्वर्ण पदक, वर्ष 2006 में मेलबोर्न (आस्ट्रेलिया) में आयोजित राष्ट्रमंडल भारोतोलन चैम्पियनशिप में एक 1 स्वर्ण पदक, वर्ष 2007 में ताईवान में आयोजित एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 2 कांस्य पदक और उसने वर्ष 2009 में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में एक 1 स्वर्ण पदक।

Ms. Kh. Tombi Devi
Sub Inspector (Mah.)

सुश्री के.एच. टोम्बी देवी
उप-निरीक्षक (महिला)

Ms. Kh. Tombi Devi, SI(Mah) of CRPF won the Arjuna Award for Judo in the year 2007.

Born on 1st January, 1982 at Myang Konchak, Imphal, Manipur, Ms. Kh. Tombi Devi enrolled to CRPF on 27th November, 2000.

She participated in the 48 Kg. category of Judo (Women) event in National Championships from the year 2001 to 2010 and won Medals in every year making a tally of 07 Gold, 03 Silver & 02 Bronze Medals. She made her debut in Internaitonal Judo Competition in the year 2001 winning one Bronze medal in Jr. Asian Judo Championship and after that she started her medal winning spree in Intgernational Judo events by securing one Gold medal in International Judo Championship at Lucknow(India) 2004, a Gold in South Asian Judo Championship at Bhopal (India)-2005, a Silver in International Judo Championship, Cuttack (India)-2006, a Bronze medal at Asian Judo Championship, Kuwait-2007, a Gold medal in Internaitonal Judo Championship, Turkey-2007, a Gold medal in Commonwealth Judo Championship-Maritius and a Gold medal in Commonwealth Judo Championship at Singapore-2010. Also represented the country in 2008 Beijing, Olympics.

सुश्री केएच. तोम्बी देवी उप निरीक्षक (महिला) ने वर्ष 2007 में जूडो में उत्कृष्ट योगदान हेतु अर्जुन पुरस्कार अर्जित किया।

1 जनवरी 1982 को म्यांग कोनचक, इम्फाल, मणिपुर में जन्मी तोम्बी देवी दिनांक 27 नवंबर 2000 में के0रि0पु0बल में भर्ती हुई।

उन्होंने वर्ष 2001 से 2010 तक राष्ट्रीय जूडो चैम्पियनशिप में 48 कि0ग्रा0 वर्ग की जूडो(महिला) में भाग लिया और प्रत्येक वर्ष पदक जीतकर कुल 7 स्वर्ण, 5 रजत और 2 कॉस्य अर्जित किए। उन्होंने पहली बार वर्ष 2001 में अंतर्राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में भाग लिया और जूनियर एशियन जूडो चैम्पियनशिप में एक कॉस्य पदक जीता। उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय जूडो स्पर्धाओं में पदक जीतने का क्रम प्रारम्भ किया, जिनमें वर्ष 2004 में लखनऊ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में एक स्वर्ण पदक, वर्ष 2005 में भोपाल में आयोजित दक्षिण एशियाई जूडो प्रतियोगिता में एक स्वर्ण पदक, वर्ष 2006 में कटक अंतर्राष्ट्रीय जूडो चैम्पियनशिप में एक रजत पदक, वर्ष 2007 में कुवैत में अंतर्राष्ट्रीय जूडो चैम्पियनशिप में एक कॉस्य पदक, वर्ष 2007 में टर्की में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जूडो चैम्पियनशिप में एक स्वर्ण पदक, मारीशस में राष्ट्रमंडल जूडो चैम्पियनशिप में एक स्वर्ण पदक और वर्ष 2010 में सिंगापुर में आयोजित राष्ट्रमंडल जूडो चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक अर्जित किए। उन्होंने वर्ष 2008 में बीजिंग में आयोजित ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया।

Ms. W. Sandhya Rani
Constable (Mah.)
सुश्री डब्ल्यू संध्या रानी
सिपाही (महिला)

Ms. W. Sandhyarani Devi won the prestigious Arjuna Award in the year 2011 for her outstanding contribution in the discipline of Wushu and also become the first Wushu player of the country to get this recognition.

Born at Thoubal (Manipur) on 2nd March, 1985, Ms. W. Sandhyarani Devi joined CRPF on 5th May, 2005.

She made her debut in National arena of Wushu winning a Silver medal in 13th Sr. National Wushu Championship in the year 2004 and after that she participated in National Wushu Championship every year till date, winning 05 Gold, 02 Silver medals setting an example for Indian Women not only to take part but also to win medals in the martial art games like wushu. She made the country proud by winning a Gold medal in South Asian Wushu Chjampionship at Dhaka(Bangladesh)-2008, a Bronze medal in Asian Wushu Championship at Macau 2008 a Bronze medal in 3rd Asian Indoor Games at Hanoi(Vietnam)-2009, a Silver medal at 1st Asian Martial Art Games, Bangkok (Thailand) -2009 and a Gold in SAF Games at Dhaka (Bangladesh)-2010 She became the first Inidan Woman to get a Silver medal in Asian Games Wushu discipline.

सुश्री डब्लू. संध्या रानी देवी ने वूशू स्पर्धा (Wushu discipline) में उत्कृष्ट योगदान हेतु वर्ष 2011 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार अर्जित किया और इसके साथ की वूशू खेल में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाली देश की प्रथम खिलाड़ी बन गई।

2 मार्च 1985 को थोबल, मणिपुर में जन्मी सुश्री डब्लू. संध्या रानी देवी दिनांक 5 मई 2005 में के0रि0पु0बल में भर्ती हुई थी।

उन्होंने सर्वप्रथम वर्ष 2004 में 13वीं राष्ट्रीय वूशू चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर शुरूआत की और उसके बाद लगातार प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय वूशू चैम्पियनशिप में भाग लेकर 5 स्वर्ण, 2 रजत पदक जीतकर भारतीय महिलाओं के लिए न केवल वूशू जैसे मार्शल आर्ट खेल में भाग लेने बल्कि पदक जीतने के लिए एक अच्छा उदाहरण भी पेश किया। उन्होंने वर्ष 2008 में ढाका (बांग्लादेश) में सम्पन्न दक्षिण एशियाई वूशू चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक, वर्ष 2008 में मकाऊ में एशियाई वूशू चैम्पियनशिप में कॉस्य पदक, वर्ष 2009 में हनोई (वियतनाम) में तीसरे इन्डोर खेलों में कॉस्य पदक, वर्ष 2009 में बैंकाक (थाइलैंड) में पहले एशियाई मार्शल आर्ट खेलों में रजत पदक, वर्ष 2010 में ढाका (बंगलादेश) में सम्पन्न सैफ खेलों में स्वर्ण पदक और वर्ष 2010 में गोगझाऊ (चीन) 16वे एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया।

इस प्रकार, वह एशियाई गेम्स की वूशू स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला बनी।

अर्जुन पुरस्कार : भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धियों को महत्व प्रदान करने के लिए वर्ष 1961 में अर्जुन पुरस्कार की स्थापना की गई थी। इस पुरस्कार में 5 लाख रूपये का नकद पुरस्कार, अर्जुन की तांबें की प्रतिमा और सम्मान पत्र प्रदान किया जाता है। पिछले वर्षो में इस पुरस्कार का क्षेत्र विस्तृत करके इसमें अर्जुन पुरस्कार स्थापित किए जाने से पूर्व के काफी ज्यादा खिलाड़ियों को शामिल कर लिया गया है। इसके अलावा पारंपरिक देशी खेलों किक्रेट एवं शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणी को शामिल करने हेतु जिन स्पर्धाओं को पुरस्कृत किया जाना है, की संख्या में वृद्वि की गई है। परिशोधित दिशा– निर्देशों के अनुसार पुरस्कार के लिए पात्रता हेतु खिलाड़ी का न केवल पिछले तीन वर्षो के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छा प्रर्दशन होने के साथ–साथ चौथे वर्ष जिसके लिए पुरस्कार प्रदान करने की अनुशंसा की गई हो, में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन होना चाहिए बल्कि उसने नेतृत्व के गुणों, खिलाड़ीपन और अनुशासित रहने की भावना भी प्रदर्शित की हो। वर्ष 2001 से यह पुरस्कार केवल निम्नलिखित श्रेणियो के अंतर्गत आने वाली प्रतिस्पर्धाओं के लिए प्रदान किया जाता है – ओलंपिक खेल, एशियन खेल, राष्ट्रमंडल खेल, विश्व कप और विश्व चैम्पियनशिप।

अन्य राष्ट्रीय खेल पुरस्कार

राजीव गांधी खेल रत्न : 'राजीव गांधी खेल रत्न' खेल–कूद में उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है । हिंदी में 'खेल रत्न' का शाब्दिक अर्थ 'खेल का हीरा' है । इस पुरस्कार का नामकरण स्व0 राजीव गांधी, भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर रखा गया है । इसमें एक पदक, सम्मान पत्र और 7,50,000 रूपये नकद राशि प्रदान की जाती है ।

यह पुरस्कार वर्ष 1991–92 में खेल–कूद के क्षेत्र में सर्वोच्च राष्ट्रीय उपाधि की कमी को पूरा करने के लिए प्रारम्भ किया गया था । 'राजीव गांधी खेल रत्न' से पूर्व प्रत्येक वर्ष विभिन्न खेल–कूद प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट खिलाड़ी को अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया जाता था। खेल–रत्न की शुरूआत वर्ष के दौरान लगभग सभी खेल–कूद स्पर्धाओं में किसी खिलाड़ी या टीम द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने हेतु सर्वोच्च सम्मान देने के लिए किया गया है ।

द्रोणाचार्य पुरस्कार : द्रोणाचार्य पुरस्कार भारत सरकार द्वारा खेलों का प्रशिक्षण देने में उत्कृष्टता हेतु प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार में द्रोणाचार्य की तांबे की लघु प्रतिमा, सम्मान पत्र और 5,00,000 रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1985 में की गई थी। चूंकि सर्वोत्तम खिलाड़ी पुरस्कार का नामकरण अर्जुन पुरस्कार के रूप में किया गया है, इसलिए यह उचित है कि प्रशिक्षक (कोचिंग) पुरस्कार का नामकरण द्रोणाचार्य के नाम पर किया गया है जो कि अर्जुन के गुरू थे।

ध्यान चंद पुरस्कार : ध्यान चंद पुरस्कार स्पोर्टस एवं खेलों में जीवनभर की उपलब्धियों के लिए दिया जाने वाला भारत का सबसे बड़ा पुरस्कार है । इस पुरस्कार का नामकरण भारतीय हाकी के जादूगर खिलाड़ी ध्यान चंद के नाम पर किया गया है। इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2002 में की गई थी। इस पुरस्कार में 5 लाख रूपये नकद, एक लघु प्रतिमा, सेरेमोनियल ड्रेस और सम्मान पत्र प्रदान किया जाता है।

इस पुरस्कार का उद्देश्य उन खिलाड़ियों को सम्मानित करना है जिन्होंने अपने प्रर्दशन से खेलों में योगदान दिया है और सकिय खेल कैरियर से सेवानिवृत होने के पश्चात् भी खेलों की प्रगति के लिए लगातार अपना योगदान दे रहे हैं।